समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

‘नशा नहीं, रोजगार दो’ के संकल्प के साथ भादरा मे निकलेगी जन चेतना पदयात्रा, डॉ. सुरेश चौधरी करेगें नेतृत्व

राजेश चौधरी

Published on 08 Jul 2026

?????? ?????? | ?????? | ??????? ???? ??????

क्षेत्र में बढ़ते नशे के प्रचलन के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से **‘जन चेतना पदयात्रा’** का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा भादरा के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता **डॉ. सुरेश चौधरी** के नेतृत्व में **ग्राम पचारवाली** में आयोजित होगी।

आयोजकों के अनुसार, यह अभियान **“नशा नहीं, रोजगार दो”** के संकल्प के साथ निकाला जा रहा है। पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं को चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश देना है।

आयोजकों ने बताया कि यह जनजागरूकता अभियान **लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी** और **कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट** की प्रेरणा से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें रोजगार और सकारात्मक अवसरों की ओर प्रेरित करना है।

पदयात्रा का कार्यक्रम

- **तिथि :** 8 जुलाई 2026
- **समय :** सायं 5:00 बजे
- **स्थान :** ग्राम पचारवाली, भादरा (हनुमानगढ़)

डॉ. सुरेश चौधरी ने कहा कि चिट्टा और मेडिकल नशे का बढ़ता प्रचलन समाज और विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने कहा कि केवल कानून से ही नहीं, बल्कि जनजागरूकता और रोजगार के अवसर बढ़ाकर भी इस समस्या का

प्रभावी समाधान किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि "**नशा नहीं, रोजगार दो**" केवल एक नारा नहीं, बल्कि युवाओं के बेहतर भविष्य का संकल्प है। उनका मानना है कि जब युवाओं को रोजगार और सही मार्गदर्शन मिलेगा, तब वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रह सकेंगे।

डॉ. चौधरी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, युवाओं और आम नागरिकों से पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की सहभागिता से ही नशामुक्त और जागरूक समाज का निर्माण संभव है।

आयोजकों का कहना है कि यह जन चेतना पदयात्रा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का अभियान है, जिसका उद्देश्य युवाओं के भविष्य की रक्षा करना और समाज में नशे के खिलाफ व्यापक जनसमर्थन तैयार करना है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.